NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-195, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 20 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र




# नितिन नबीन
## भाजपा के नये बॉस

**नई दिल्ली।** नितिन नबीन भाजपा के निर्विरोध 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में इसका ऐलान किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।

मोदी ने कहा 'भाजपा ऐसी पार्टी है, जहां लोगों को लगता होगा कि मोदीजी इतनी छोटी उम्र में मुख्यमंत्री बन गए। हेड ऑफ द गवर्नमेंट बन गए हैं। इन सबसे बड़ी चीज है कि मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं, मैं कार्यकर्ता हूं।'

इससे पहले नबीन दिल्ली में भगवान वाल्मीकि मंदिर, गुरुद्वारा बंगला साहिब और झंडेवाला मंदिर गए और माथा टेका। भाजपा मुख्यालय में सोमवार को अध्यक्ष पद के चुनाव हुए थे। किसी और उम्मीदवार का नामांकन न आने से नबीन निर्विरोध चुने गए। नितिन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।



पीएम मोदी ने माला पहनाकर स्वागत किया, बोले- मैं कार्यकर्ता हूं, नितिन मेरे बॉस हैं

# अश्लील वीडियो पर कर्नाटक के डीजीपी लेवल के अधिकारी रामचंद्र राव सस्पेंड



**बंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस डीजीपी (सिविल राइट्स एनफोर्समेंट) को सस्पेंड कर दिया गया है। उनका एक अश्लील वीडियो सामने आया था, जिसके बाद सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

वायरल वीडियो में डीजीपी के. रामचंद्र राव कई महिलाओं के साथ आपत्तिजनक हालत में दिख रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद सीएम सिद्धरमैया ने कहा था कि अगर अधिकारी दोषी पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। वीडियो वायरल होने के बाद डीजीपी गृह मंत्री जी परमेश्वर से मिलने पहुंचे लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी।

गृहमंत्री के घर से निकलने के बाद डीजीपी ने पत्रकारों से कहा था कि वीडियो झूठा और मॉर्फ्ड है। उन्होंने कहा कि आगे के एक्शन के बारे में वकील से बात करेंगे।

## उठावनी







स्व० ललित कुमार बंसल (पिंकी) | स्व० मनीष बंसल

हमारे प्रिय भ्राता श्री ललित कुमार बंसल (पिंकी) एवं श्री मनीष बंसल का आकस्मिक निधन दिनांक 19-01-2026 दिन सोमवार व 18-01-2026 दिन रविवार को हो गया था। जिनकी उठावनी दिन बुधवार दिनांक 21-01-2026 को दोपहर 3 बजे से 04 बजे तक न्यू आगरा कम्यूनिटी हॉल में होगी।

शोकाकुल

**उर्मिला देवी बंसल (चाची जी)**

अजय बंसल-रेनू बंसल (भ्राता-भ्रातावधू)
संजय बंसल-संध्या बंसल (भ्राता-भ्रातावधू)
विजय बंसल-नलिनी बंसल (भ्राता-भ्रातावधू)
कुसम बंसल (पत्नी)-(स्व. ललित बंसल)
श्वेता बंसल (पत्नी)-(स्व. मनीष बंसल)
अलका गर्ग-ओमप्रकाश (बहन-बहनोई)
रोहित-नीरज, शुभम-शिवानी (पुत्र-पुत्रवधु)
रूचि-दीपक, श्वेता (हिना)-विश्वेन्द्र (पुत्री-दामाद)
शुभ बंसल (पुत्र)

अतुल बंसल, अनूप बंसल, आशीष बंसल (चचेरे भाई)
प्रतीक-अंशी (भतीजा-भतीजा वधु)
कनिका-प्रांजल, शैली- हर्ष (भतीजी-दामाद)
शकुन, विकास (लड्डू)
दीपक, पंकज, सचिन, वैभव, आर्यन, साई समर्थ, शिवांश (भतीजे)

-:फर्म:-

- प्रोम्प्ट कम्प्यूटर सर्विस, दयालबाग आगरा
- संजय बंसल 'स्टाम्प वेंडर' तहसील सदर आगरा
- सोमेश्वर दयाल, दिनेश कुमार बंसल, शकुन बंसल (कातिब) सदर तहसील आगरा
- विकास बंसल (लड्डू भाई) 'स्टाम्प वेंडर' तहसील सदर आगरा
- होटल आशादीप, भगवान टाकीज, आगरा
- N S ENTERPRISE, दयालबाग आगरा
- अतुल प्रोविजनल स्टोर, दयालबाग, आगरा
- ASK 11 BEVARAGE AGRO PVT LTD
- SDS & ASSOCITES, CHURCH ROAD, आगरा
SHIVANSH ENTERPRISE ,आगरा
- SPACE VENTILATION SYSTEM PVT LTD SONIPAT

-:ससुराल पक्ष:-
पवन गोयल, सुरेश गोयल (ब्याना वाले), विजय कुमार, ओझल (मथुरा वाले)

## ऑपरेशन त्राशीः 12 हजार फीट की ऊंचाई पर आतंकियों का ठिकाना ध्वस्त

# किश्तवाड़ में तीसरे दिन भी ऑपरेशन जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में आतंकियों को पकड़ने के लिए चलाया जा रहा बड़ा तलाशी अभियान मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी है। इस दौरान सुरक्षाबलों ने कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

यह अभियान रविवार को छात्रू क्षेत्र के सिंहपोरा के पास स्थित सोनार गांव में शुरू किया गया था। इसी दौरान आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें एक पैरा कमांडो बलिदान हो गया, जबकि सात अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, आतंकियों द्वारा अचानक फेंके गए ग्रेनेड के छर्रे लगने से जवान घायल हुए। इसके बाद आतंकी घने जंगलों की ओर फरार हो गए।

हालांकि, सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक मजबूत ठिकाने का भंडाफोड़



किया है, जो 12,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित था। इस ठिकाने से बड़ी मात्रा में सर्दियों का सामान बरामद किया गया, जिसमें खाने-पीने का सामान, कंबल और बर्तन शामिल हैं।

अभियान की निगरानी के लिए आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन टूटी और आईजी सीआरपीएफ आर. गोपालकृष्ण राव सहित कई वरिष्ठ पुलिस और सेना अधिकारी मौके पर डेरा डाले हुए हैं।

इस बीच, मंगलवार सुबह जम्मू के सतवारी में बलिदानी स्पेशल फोर्स कमांडो हवलदार गजेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्पचक्र अर्पित करने का समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का नेतृत्व व्हाइट नाइट कोर के कार्यवाहक चीफ ऑफ स्टाफ ब्रिगेडियर युधवीर सिंह सेखों ने किया। बाद में बलिदानी का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक गांव उत्तराखंड भेजा गया। सोमवार दोपहर को आतंकियों के ठिकाने के संबंध में कई स्थानीय लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। सुरक्षा एजेंसियां उन ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) की पहचान करने में जुटी हैं, जिन्होंने आतंकियों को राशन और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराने में मदद की थी। बरामद सामग्री से संकेत मिलता है कि यह सामान सर्दियों में कम से कम चार आतंकियों के लिए पर्याप्त था।

सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि ऑपरेशन त्राशी-1 जारी है और इलाके की घेराबंदी और सख्त कर दी गई है। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से दुर्गम और घने जंगलों वाले इलाके में तलाशी अभियान चला रही हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, दो से तीन आतंकी, जिनका संबंध पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से बताया जा रहा है, इलाके में छिपे होने की आशंका है। गणतंत्र दिवस से पहले जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तान स्थित हैंडलरों द्वारा और आतंकियों को घुसपैठ कराने की कोशिशों को लेकर अलर्ट जारी किया है।

### तमिलनाडु विधानसभा में विवाद

## राज्यपाल ने लगाया राष्ट्रगान के अपमान का आरोप

**तिरुवनंतपुरम।** तमिलनाडु विधानसभा का 2026 का पहला सत्र आज से शुरू हो गया है। हालांकि, सत्र के पहले ही दिन सदन में एक बार फिर से राज्यपाल और सरकार के बीच विवाद देखने को मिला। इस बार भी राज्यपाल आरएन रवि ने अपना भाषण नहीं पढ़ा और विधानसभा की कार्यवाही को छोड़कर चले गए। राज्यपाल ने सदन में राष्ट्र गान के अपमान का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उनके माइक को भी बार-बार बंद करने का आरोप लगाया गया है।

**बिना भाषण पढ़े सदन से निकले राज्यपाल**

हर बार की तरह इस बार भी राज्यपाल आरएन रवि ने अपना भाषण नहीं पढ़ा और विधानसभा की कार्यवाही को छोड़कर चले गए। इस बार भी पहले राष्ट्र गान गाने का निर्देश उनकी ओर से दिया गया जिस पर राज्य सरकार ने सहमति नहीं दी और राज्यपाल



बिना भाषण पढ़े ही सदन छोड़कर चले गए। इसके बाद सीएम ङ स्टालिन ने सदन में राज्यपाल के खिलाफ एक खंडन प्रस्ताव रखा और इस बात पर जोर दिया कि विधानसभा के नियम सरकार की ओर से दी गई अभिभाषण की कॉपी में किसी भी तरह के बदलाव या छेड़छाड़ करने का अधिकार राज्यपाल को नहीं देते हैं। उट ने एक बार फिर दोहराया कि देश में राज्यपाल का पद खत्म हो जाना चाहिए।

## अहमदाबाद में बुलडोजर से430 रिहायशी और 30 कमर्शियल स्ट्रक्चर ध्वस्त

**अहमदाबाद।** वटवा इलाके में स्थित वानर-वट तालाब के आस-पास हुए अतिक्रमण पर नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को प्रशासन ने सरकारी बुलडोजर चलाते हुए तालाब के चारों ओर बने अवैध निर्माणों को हटाया। इस कार्रवाई में 430 रिहायशी और 30 कमर्शियल स्ट्रक्चर ध्वस्त किए गए। यह अतिक्रमण लंबे समय से चला आ रहा था। कार्रवाई से पहले प्रभावित लोगों ने डिमोलिशन के खिलाफ गुजरात हाई कोर्ट का रुख



भी किया था, लेकिन कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद अहमदाबाद नगर निगम ने पूरी तैयारी के साथ अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान के तहत तालाब क्षेत्र में कुल 58,000 वर्ग मीटर भूमि को रिक्लेम किया जाएगा। इसमें से 28,000 वर्ग मीटर हिस्सा सीधे तालाब के जलक्षेत्र से जुड़ा है, जिसे अतिक्रमण मुक्त कर दोबारा विकसित किया जाएगा।

### सहारनपुर में पांच लोगों की मौत से हड़कंप

## संग्रह अमीन व परिवार के गोली लगे शव घर में पड़े मिले

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में सरसावा कस्बे में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किराए के मकान में संग्रह अमीन और उनके परिवार के पांच सदस्यों के गोली लगे शव बरामद हुए। मृतकों में संग्रह अमीन अशोक (40), उनकी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजिता (35) और दो बेटे कार्तिक (16) व देव (13) शामिल हैं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अशोक को कनपटी पर गोली लगी, जबकि उनकी मां, पत्नी और दोनों बेटों को माथे पर गोली मारी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार अशोक नकुड़ तहसील में संग्रह अमीन के पद पर कार्यरत था और



परिवार के साथ सरसावा में किराए के मकान में रह रहा था। घटनास्थल से एक तमंचा भी बरामद किया गया है। पुलिस फिलहाल मामले को आत्महत्या की आशंका के तहत जांच रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद इलाके में शोक और दहशत का माहौल है।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान का कहर, मिशिगन में 100 से अधिक गाड़ियों की हुई टक्कर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन में बर्फीले तूफान का कहर देखने को मिल रहा है। मौसम किस कदर खराब है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां 100 से अधिक गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कुछ वाहन तो सड़क से फिसल गए। हादसा ग्रैंड रैपिड्स के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुआ, जहां भारी बर्फबारी ने पूरे इलाके को सफेद चादर से ढक दिया है।

हादसे की वजह से मिशिगन स्टेट पुलिस को ग्रैंड रैपिड्स के ठीक दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 के दोनों तरफ का रास्ता बंद करना पड़ा है। अधिकारी 30 से अधिक सेमीट्रेलर ट्रकों सहित सभी गाड़ियों को हटाने का काम कर रहे हैं। स्टेट पुलिस ने बताया कि कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन किसी की मौत नहीं हुई है। मिशिगन में ओटावा काउंटी शेरिफ के ऑफिस ने बताया कि कई एक्सीडेंट के साथ-साथ कई गाड़ियों के सड़क से फिसलने की भी रिपोर्ट मिली हैं। फंसे हुए मोटर चालकों को बसों से हडसनविल हाई स्कूल ले जाया जा



रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सफाई के दौरान सड़क कई घंटों तक बंद रहेगी। फंसी हुई गाड़ियों को हटाने में मदद करने वाली कंपनियों में से एक, ग्रैंड वैली टोइंग ने चेन-रिएक्शन एक्सीडेंट वाली जगह पर अपने एक दर्जन से ज्यादा ट्रक भेजे हैं। मैनेजर जेफ वेस्टवेल्ड ने कहा, ₹हम जितनी जल्दी हो सके उतनी ज्यादा गाड़ियों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि सड़क को फिर से खोला जा सके। एक चालक पेड्रो माटा जूनियर ने बताया कि स्पीड से गाड़ी चलाते समय बर्फ सड़क पर उड़ रही थी, जिससे उन्हें सामने की गाड़ियां मुश्किल से दिख रही थीं।

वह अपनी पिकअप को सुरक्षित रोकने में कामयाब रहे, लेकिन फिर टक्कर से बचने के लिए उन्होंने अपने ट्रक को सड़क से हटाकर मीडियन में ले जाने का फैसला किया। माटा ने कहा, ₹पीछे से आने वाली आवाजें, धमाके और बूम सुनकर थोड़ा डर लग रहा था। मैंने देखा कि मेरे सामने क्या था। मुझे ठीक से नहीं दिख रहा था कि मेरे पीछे क्या था।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
मंगलवार, 20 जनवरी, 2026


## बसंत पंचमी पर बांकेबिहारी को अर्पित होगी 10 किलो चांदी की देहरी

एनएनआई

**वृंदावन।** बसंत पंचमी पर ठाकुर बांकेबिहारी को दस किलो वजनी चांदी की देहरी उनके भक्त द्वारा अर्पित की जाएगी। इसी दिन सुबह नई चांदी की देहरी का पूजन कर उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति सदस्यों की उपस्थिति में मंदिर में होली की शुरूआत होगी।

जिन बैंकों में मंदिर के खाते हैं, वह मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सवा करोड़ रुपये के कार्य कराएंगे। मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के कार्यों में बैंकों ने कदम बढ़ाते हुए सवा करोड़ रुपये की धनराशि अपने सीएसआर फंड से देने का एलान किया है। ताकि मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के अनेक कार्य हो सकेंगे। मंदिर में रेलिंग व्यववस्था महीने के अंतिम दिनों में ही शुरू होने की उम्मीद उच्चाधिकार प्रबंधन समिति की बैठक में जताई गई है। इसके अलावा राजस्थान के कोटा में मंदिर की 15 हेक्टयर भूमि को अधिगृहण की कार्रवाई शुरू करने की जानकारी समिति सचिव डीएम सीपी सिंह ने दी।

शहीद लक्ष्मण स्मारक भवन में सोमवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर उच्चाधिकार प्रबंधन समिति की दसवीं बैठक उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंदिर की वित्त संबंधी विषयों पर मंथन किया। जिसमें मंदिर के फंड के उपयोग, बैंकों के सीएसआर फंड के बारे में बैंक अधिकारियों से चर्चा करने के साथ मंदिर की इमारत की आईआईटी रुड़की के इंजीनियरों के सर्वे रिपोर्ट रखी गई।

## मथुरा में अज्ञात वाहन ने रौंदे बाइक सवार, एक की मौत...दो घायल

एनएनआई

**मथुरा।** मथुरा में मांट-राया मार्ग पर गांव नंद नगरिया के समीप अज्ञात वाहन में बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए, जबकि एक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सोमवार देर रात को थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत मांट-राया मार्ग पर नंद नगरिया मॉड के पास बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अशोक पुत्र हाकिम सिंह निवासी नगला सिरिया थाना मांट की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी रमेश पुत्र अतर सिंह निवासी लोहागढ और दीपक पुत्र अर्जुन सिंह निवासी लोहागढ थाना मांट घायल हो गए। राहगीर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि टक्कर मारने के बाद वाहन भाग निकला है, जिसकी जांच की जा रही है।

### एटा हत्याकांड का चौंकाने वाला खुलासा

# घर का मुखिया ही निकला माता-पिता, पत्नी और बेटी का कातिल

एनएनआई



**एटा।** सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पूरे परिवार को खत्म करने वाला कोई और नहीं, बल्कि बेटी ही निकला। उसने माता-पिता, पत्नी और बेटी को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या की बात को स्वीकार किया है। दोपहर में डीआईजी अलीगढ़ रेंज औपचारिक रूप से घटना का खुलासा करेंगे।

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कमल सिंह ने इस हत्याकांड को दहेज देने के लिए मांगी गई रकम के लिए अंजाम दिया। तीन दिन पूर्व उसका मां से विवाद हुआ था। उसने अपनी मां से बेटी ज्योति के विवाह में दहेज देने के लिए कुछ रकम मांगी थी। मां ने देने से मना कर दिया, जिसके बाद घर में झगड़ा हो गया था। उधर मंगलवार सुबह एक साथ चार लाशें पहुंची, तो देखने वालों के आंसू भी छलक पड़े। भूतेश्वर पर चारों शव एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान मोहल्ले के अलावा रिश्तेदारों की भीड़ भी उमड़ पड़ी। सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड भी मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही एसएसपी श्याम नारायण सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडेय के साथ कई थानों का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

**ये हुई थी घटना** एटा के गांव नगला प्रेमी में एक ही परिवार के चार लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतकों में वृद्ध दंपती गंगा सिंह शाक्य (70) व श्यामा देवी (65), पुत्रवधू रत्ना देवी (48) और पौत्री ज्योति (22) शामिल हैं। हत्या के समय यही चारों लोग घर में मौजूद थे। हत्यारे ने घर में घुसने के बाद ईंट से सभी के सिर-चेहरे पर वार कर वारदात को अंजाम दिया था।

## आज होगा चारों शवों का अंतिम संस्कार



चारों मृतकों का मंगलवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। सोमवार रात नौ बजे तक मृतकों के शवों का पंचनामा नहीं भर पाया था, इस कारण पोस्टमार्टम में देरी हो रही थी। हालांकि पंचनामा भरने के लिए चार टीमें लगाईं गईं थीं। मृतकों के रिश्तेदारों का कहना था कि कई रिश्तेदार बाहर से आ रहे हैं, इसलिए रात के समय अंतिम संस्कार नहीं होगा। पोस्टमार्टम के बाद शवों को घर ले जाया जाएगा। इसके बाद मंगलवार को अंतिम संस्कार करेंगे। मृतकों के मूल गांव लोहाखार से काफी तादात में लोग आए हुए थे। विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों का भी जमावड़ा रहा। भाजपा, सपा, कांग्रेस के तमाम नेता घटना स्थल और पोस्टमार्टम गृह पर पहुंचे। सांसद देवेश शाक्य भी मौजूद रहे। इस हत्याकांड को लेकर सभी लोग हैरत में थे और घटना पर अफसोस जता रहे थे।

# फिरोजाबाद में पांच ट्रेनें रद्द, कई पांच घंटे देरी से, रेल यात्रियों को भारी परेशानी

एनएनआई





**फिरोजाबाद।** रेल यात्रियों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। मंगलवार को रेल प्रशासन ने अप और डाउन की पांच ट्रेनें रद्द कर दीं, जबकि कई अन्य ट्रेनें पांच घंटे तक की देरी से चलीं। ट्रेनों की लेट-लतीफी और रद्दीकरण के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुबह फिरोजाबाद में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही ठंडी हवाओं के कारण दिनभर सर्दी का एहसास बना रहा, जिससे यात्रियों की दिक्कतें और बढ़ गईं। रेलवे का समय संचालन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। रेल प्रशासन ने अप रूट की नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस को रद्द किया। वहीं, डाउन रूट की सूबेदारगंज सुपरफास्ट एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस भी रद्द कर दी गईं। ट्रेनों के अचानक रद्द होने से यात्रियों को स्टेशनों पर भटकना पड़ा। इसके अलावा, कई ट्रेनें घंटों देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचीं। दिल्ली और आगरा की ओर जाने वाली आम्रपाली एक्सप्रेस लगभग पांच घंटे की देरी से चली, जबकि फरक्का एक्सप्रेस दो घंटे विलंब से पहुंची। कानपुर की ओर जाने वाली फरक्का एक्सप्रेस भी ढाई घंटे की देरी से टूंडला स्टेशन पहुंची।

यात्रियों ने शिकायत की कि उन्हें ट्रेनों की सही समय पर जानकारी नहीं मिल रही है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे विशेष रूप से परेशान दिखे, जिन्हें ठंड में प्लेटफार्म पर लंबा इंतजार करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में सुबह-शाम ठंड और कोहरे का असर बना रह सकता है, जिससे रेल संचालन पर और अधिक प्रभाव पड़ने की संभावना है। ऐसे में रेल यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा पर निकलने से पहले अपनी ट्रेन की वर्तमान स्थिति की जानकारी अवश्य ले लें।

### दूध विक्रेता की पिटाई का मामला

# पुलिसकर्मियों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

एनएनआई



**आगरा।** थाना छत्ता की जीवनी मंडी पुलिस चौकी में दूध विक्रेता नरेंद्र कुशवाह की पिटाई के मामले में तत्कालीन चौकी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस पर पीड़ित की डंडों से पिटाई का आरोप लगा था। आगरा आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस मामले में पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के आदेश दिए थे। हालांकि, विभागीय जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

घटना 2 जनवरी की है।सैंया के गांव वीरई निवासी नरेंद्र कुशवाह अपने बड़े भाई धीरज के साथ टेंपो से आगरा आकर घर-घर दूध बेचते हैं। टेंपो धीरज चलाते हैं। नरेंद्र को टेंपो चलाना नहीं आता है। घटना वाले दिन जीवनी मंडी क्षेत्र के गरीब नगर में दूध देने आए नरेंद्र टेंपो में बैठे हुए थे। तभी चौकी प्रभारी जीवनी मंडी रविंद्र कुमार पुलिसकर्मियों के साथ झगड़े की सूचना पर पहुंचे। वह कुछ युवकों को पकड़कर ले जा रहे थे। उन्होंने नरेंद्र से टेंपो लेकर चलने के लिए कहा। आरोप है कि मना करने पर नरेंद्र को जबरन चौकी पर ले जाकर पुलिसकर्मियों ने पीटा था। साथ ही शांतिभंग में चालान कर दिया था। जमानत मिलने के बाद नरेंद्र ने अपने रिश्तेदार भाजपा नेता राकेश कुशवाह के माध्यम से डीसीपी सिटी से शिकायत की। मामले में चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। वहीं, सपा नेताओं ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद थाना छत्ता के प्रभारी निरीक्षक को भी हटाया गया था।मामले की शिकायत आगरा आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से भी की गई थी। इसके बाद 16 जनवरी को आरोपी पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। इसमें पिटाई और गलत तरीके से रोककर रखने की धारा लगाई गई है। इसमें तत्कालीन चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार, पुलिसकर्मी राजबिहारी, संजय और सनीपाल को नामजद किया गया है। एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि मामले में साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।



# ताजमहल कूच कर रहे बजरंग दल कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, हुई तीखी बहस

एनएनआई

**आगरा।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद-राष्ट्रीय बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ता सोमवार को एक धार्मिक कार्यक्रम के तहत ताजमहल की ओर रवाना हुए। कार्यकर्ताओं का उद्देश्य ताजमहल परिसर में भगवान शिव को कंबल अर्पित करना बताया गया।

जैसे ही कार्यकर्ता आगरा किला क्षेत्र में पहुंचे, पुलिस ने उन्हें हनुमान मंदिर के पास रोक लिया। इस दौरान ताजगंज थाना प्रभारी और संगठन के पदाधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। मौके पर कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति भी बनी रही। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रौनक ठाकुर और प्रांत मंत्री अतुल चौहान ने कहा कि ताजमहल में पूर्व में सरकारी खर्च पर कार्यक्रम आयोजित हुए हैं, जिनमें प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई थी। उनका आरोप है कि अब धार्मिक भावना से जुड़े कार्यक्रम के लिए जा रहे कार्यकताओं को रोका जा रहा है, जो समानता के सिद्धांत के खिलाफ है। इस दौरान गौरव कुशवाह, राहुल कुशवाह, अनु चौहान, अनुज कुशवाह, अर्जुन चक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कार्यकताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया और क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती गई।.

# संकरी गली में बने फोम गोदाम में लगी भीषण आग

## 13 फीट लंबी पाइप को जोड़कर दमकल ने पाया आग पर काबू

एनएनआई

**आगरा।** नाई की मंडी थाना क्षेत्र स्थित नेहरा गली में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक फोम के गोदाम में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी बताई जा रही है। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर तीन दमकल गाड़ियां पहुंचीं, लेकिन गली संकरी होने के कारण दमकल वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच सके। इसके बाद दमकल कर्मियों ने करीब 13 फुट लंबी पाइप जोड़कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है। हालांकि, प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को ही आग लगने की वजह माना जा रहा है।इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन गोदाम में रखा सामान जलकर खाक हो गया।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# आधी रात को पड़ोसी के घर में घुसा चोर पकड़ा, ग्रामीणों ने लगाई धुनाई

एनएनआई



**एत्मादपुर।** ग्राम धरैरा में आधी रात को पड़ोसी के घर में चोरी करने के लिए घुसा युवक जगार होने पर दरवाजे के पीछे छिप गया। लेकिन साहसी गृहस्वामी ने उसे मौके पर दबोच लिया। शोरगुल सुनकर जमा हुई ग्रामीणों की भीड़ ने उसकी जमकर पिटाई लगाई और बाद में इलाका पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। इस मामले में गृहस्वामी ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है।

थाना एत्मादपुर क्षेत्र के गांव धरैरा निवासी अतर सिंह पुत्र स्वर्गीय छेदीलाल ने बताया कि बीती रात को लगभग एक बजे उनके घर के अंदर के कमरे में दरवाजे के पीछे एक लड़का छिपा हुआ दिखाई दिया। उन्होंने उसे टोका तो वह भागने लगा। लेकिन उसे उन्होंने पकड़ लिया। इधर रात्रि में शोरगुल होने पर गांव में जगार होने पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ ने उसकी जमकर पिटाई लगाई। गृह स्वामी ने बताया कि युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक कलश पीतल का और चूड़ी का सेट मिला। इसके बाद घर का अन्य सामान देखने पर पता चला कि रसोई में रखा गैस सिलेंडर भी गायब है। उसको चोरी करके आरोपी ने बाहर फेंक दिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार चोरी के उद्देश्य से घर में घुसने पर पकड़ा गया आरोपी युवक सुरेन्द्र पुत्र गोदी राम निवासी धरैरा है, जो पीड़ित गृहस्वामी का पड़ोसी है। ग्रामीणों के पकड़ने के दौरान खींचातानी में गिरने और दीवार से टकराने के कारण उसके कुछ चोंट आई हैं। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ की जा रही है। गृहस्वामी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### आईएसबीटी के पास मेट्रो कार्य बना जानलेवा

# चलती कार पर गिरा भारी भरकम लकड़ी का टुकड़ा

एनएनआई



**आगरा।** मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। सोमवार दोपहर आईएसबीटी क्षेत्र में बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब चलती कार पर ऊपर से लकड़ी का भारी टुकड़ा गिर पड़ा। टुकड़ा कार का अगला शीशा तोड़ते हुए अंदर सीट से जा टकराया। हादसे में चालक की अंगुलियों में चोट आई, लेकिन उसकी सूझबूझ से बड़ा नुकसान टल गया।

घटना दोपहर करीब तीन बजे की है। खंदारी से सिकंदरा तक मेट्रो कॉरिडोर पर निर्माण कार्य चल रहा है। आईएसबीटी के पास यू-गर्डर पर लाइन और सिग्नलिंग से जुड़ा काम किया जा रहा था। इसी दौरान अलीगढ़ निवासी नीरज कुमार, जो एक कार शोरूम में कार्यरत हैं, कंपनी की कार लेकर सिकंदरा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह आईएसबीटी फ्लाईओवर पार कर आगे बढ़े, तभी अचानक ऊपर से लकड़ी का बड़ा टुकड़ा गिरा और कार के शीशे को तोड़ते हुए अंदर घुस गया। अचानक हुए हादसे से कार चालक घबरा गया, लेकिन उसने तुरंत ब्रेक लगाकर वाहन को नियंत्रित कर लिया। कुछ देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, हालांकि वहां कोई मजदूर नजर नहीं आया। कार चालक ने आशंका जताई कि निर्माण स्थल पर यू-गर्डर या पिलर के पास रखा लकड़ी का टुकड़ा बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के छोड़ा गया था, जो नीचे गिर गया। यदि कार अनियंत्रित हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। वहीं, मेट्रो प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। मेट्रो के उप महाप्रबंधक पंचानन मिश्र ने बताया कि जिस लकड़ी के टुकड़े से हादसा हुआ, उसका मेट्रो निर्माण में कहीं उपयोग नहीं किया जा रहा है। घटनास्थल पर उस समय मजदूर मौजूद नहीं थे और सुरक्षा के लिए ग्रीन नेट भी लगी हुई है। लकड़ी का टुकड़ा कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है। उधर, आईएसबीटी से गुरुद्वारे तक मेट्रो निर्माण क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कई स्थानों पर बैरिकेडिंग खुली पड़ी है, जिससे खासकर कोहरे और रात के समय हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सुरक्षा इंतजाम नहीं सुधारे गए तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
मंगलवार, 20 जनवरी, 2026


# आधार अपडेट कराना बना सिरदर्द

- आवेदक परेशान, पूरा दिन हो रहा खराब, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान
- खंदारी आधार केन्द्र पर सुबह से ही लग जाती है लम्बी-लम्बी कतारें
- महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सेंटर के बाहर घंटों खडे रहने को मजबूर

**भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की ओर से नागरिकों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य किया गया है, लेकिन इन दिनों आगरा में लोगों के लिए नए आधार कार्ड बनवाना या आधार कार्ड को अपडेट करवाना सिरदर्द बना हुआ है। खंदारी स्थित आधार केन्द्र पर प्रतिदिन लोग बड़ी संख्या में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। जहां उन्हें इंतजार के साथ-साथ कर्मचारियों खासकर सुरक्षा गार्डों की बदसलूकी का सामना भी करना पड़ता है। भीड घंटों इंतजार में खडी रहती है।**

एनएनआई

**आगरा।** खंदारी स्थित आधार केन्द्र जनता के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। आवेदकों को आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने को घंटों खडे होकर इंतजार करना पड रहा है। हर दिन बडी संख्या में लोग आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए आ रहे हैं। इनका पूरा दिन आधार सेंटर के सामने खडे-खडे बीत जाता है। दूरदराज से आने वाले ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। आवेदकों की परेशानियों को आधार सेंटर के जिम्मेदार अधिकारी भी अनदेखी किए बैठे हैं। यही वजह है कि आवेदकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। आधार सेंटर पर हर दिन सैकडों की संख्या में लोग आ रहे हैं। इनमें ज्यादातर आधार अपडेट कराने आते हैं। कई लोग अपने बच्चों का नया आधार कार्ड बनवाने आ रहे हैं। कार्ड बनवाने के लिए आवेदक आधार सेंटर खुलने से पहले आकर लाइन लगा लेते हैं। जो पहले आते हैं उनका आधार कार्ड पंजीयन जल्दी हो जाता है, जो देर से आते हैं, वह पीछे खडे रह जाते हैं, उनका नम्बर शाम तक नहीं आने पर लौटने को मजबूर होना पडता है। सबसे ज्यादा परेशानी इस भीषण ठंड में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है।






### जनता की परेशानी से नहीं कोई सरोकार

आधार सेंटर खंदारी पर लम्बे समय से लोग परेशान हो रहे हैं। यहां शहर ही नहीं ग्रामीण अंचल के दूर-दराज से लोग आधार बनवाने और अपडेट कराने के लिए आते हैं। इनका ज्यादातर समय कतार में बीत जाता है। इस बात की जानकारी सेंटर के जिम्मेदार अधिकारियों को भी है। इसके बाद भी वे जनता के कीमती समय और परेशानी से निजात दिलाने की कोई पहल नहीं कर रहे। उन्हें केवल आधार कार्ड के पंजीयन से होने वाली कमाई से मतलब है। लोगों का कहना है कि यहां पर तमाम तरह की खामियां हैं, लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है।

### इन योजनाओं में आधार अनिवार्य

- वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन सहित अन्य सरकारी योजनाओं में आधार अनिवार्य है।
- सस्ते राशन के लिए आधार जरूरी है। साथ ही उसका राशन कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है।
- स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए आधार जरूरी है।
- पेन कार्ड को आधार से लिंक करना और इन्कम टैक्स रिटर्न भरने के लिए भी जरूरी है।
- निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों की भविष्य निधि के लिए भी आधार जरूरी है।
- बैंकों में खाता खुलवाने के लिए आधार कार्ड होना जरूरी है।
- आयुष्मान कार्ड, जनधन योजना, मोबाइल सिम आदि के लिए भी आधार अनिवार्य है।




### हर योजना में आधार जरूरी

केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं में आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। इसलिए लोग आधार बनवाने और अपडेट कराने के लिए मजबूरी में लम्बी कतार में घंटों खडे होने को मजबूर रहते हैं। आवेदकों की मजबूरी का फायदा जिम्मेदार अधिकारी उठा रहे हैं। इन्हें पता है कि आवेदकों को कितनी भी परेशानी हो, वे इसे झेलकर आधार लिए पंजीयन कराएंगे ही।

# गीता के मौलिक स्वरूप पर हुआ विचार-मंथन

- शुद्ध गीताः अंधश्रद्धा से तर्क और विज्ञान की ओर, डॉ. सतीश चंद्र शर्मा का वैदिक पुनर्जागरण का संदेश
- आर्य समाज जयपुर हाउस में शुद्ध गीता के लेखक डॉ सतीश चंद्र शर्मा का भव्य सम्मान




एनएनआई

**आगरा।** श्रीमद् भगवद् गीता को उसके शुद्ध, मौलिक और वैदिक स्वरूप में जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से रचित शुद्ध गीता के लेखक, सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ एवं वैदिक चिंतक डॉ. सतीश चंद्र शर्मा (एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच) के आगरा आगमन पर आर्य समाज जयपुर हाउस में सम्मान समारोह एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सतीश चंद्र शर्मा को शुद्ध गीता जैसे मौलिक, शोधपरक एवं समाज-जागरणकारी ग्रंथ के सृजन तथा वैदिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए स्वामी विश्वानंद सरस्वती (अध्यक्ष/अधिष्ठाता, महर्षि दयानंद आर्ष संस्थान, आर्ष गुरुकुल एवं श्रीकृष्ण गौशाला, विजयनगर दखोला, मथुरा), डॉ. वीरेंद्र खंडेलवाल, विपिन बिहारी, हरिशंकर अग्निहोत्री, डॉ. प्रेम पाल शास्त्री, गजेंद्र शर्मा तथा आर्य समाज जयपुर हाउस के प्रधान अश्विनी डेंबला द्वारा सम्मानित किया गया।

अपने व्याख्यान में डॉ. सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रचलित श्रीमद् भगवद् गीता में माने जाने वाले 700 श्लोक ऐतिहासिक, भाषाई एवं वैदिक कसौटियों पर खरे नहीं उतरते। शुद्ध गीता में शोध एवं प्रमाणों के आधार पर केवल 362 शुद्ध श्लोकों को स्वीकार किया गया है, जो वास्तव में गीता का मौलिक स्वरूप प्रस्तुत करते हैं।

उन्होंने बताया कि मेडिकल साइंस के अध्ययन के दौरान उनके भीतर आध्यात्मिक चेतना का बीज पड़ा। महर्षि दयानंद सरस्वती की सत्यार्थ प्रकाश ने उन्हें वैदिक दर्शन को वैज्ञानिक दृष्टि से समझने की दिशा दी। इसके पश्चात उन्होंने वर्षों तक वेद, वेदांग, उपनिषद्, स्मृति और श्रुति ग्रंथों का गहन अध्ययन विद्वानों के सानिध्य में किया। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि श्रीमद् भगवद् गीता मूलतः 18 अध्यायों में नहीं, बल्कि 18 संवादों में विभाजित है। यदि 362 श्लोकों के उच्चारण-समय का आकलन किया जाए, तो यह ज्ञान एक से डेढ़ घंटे में अर्जुन को दिया गया होगा, न कि 18 दिनों में।

यह तथ्य भी गीता के वर्तमान स्वरूप पर पुनर्विचार की आवश्यकता को दर्शाता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि भारत भूमि की हजारों वर्षों की गुलामी का मूल कारण हमारा स्वयं का अंधविश्वास रहा है। त्रुटियुक्त ज्ञान समाज के लिए विष के समान होता है, इसलिए शुद्ध गीता में विवेचना पूरी तरह तर्क, विज्ञान और वैदिक सिद्धांतों पर आधारित है।

इस अवसर पर डॉ. कैलाश चंद सारस्वत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित सिंह, डॉ. अनुपम गुप्ता, अरविंद मेहता, वेदपाल धार, त्रिवेणी आनंद, नमिता शर्मा, विजय अग्रवाल, सुधाकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# महिला शिक्षित होंगी तभी भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः सुभाष त्रिपाठी




- अटल चौक सेवा समिति और प्रीपेड ड्राइवर एकता यूनियन के द्वारा कार्यक्रम किया आयोजित

एनएनआई

**आगरा।** कैंट अटल चौक पर महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति के तहत जॉइंट डायरेक्टर अभियोजन राजेश यादव, अटल चौक सेवा समिति और प्रीपेड ड्राइवर एकता यूनियन के द्वारा कार्यक्रम रखा गया। सहआयोजक वंदना सिंह उड़ान प्रोजेक्ट चेयरमैन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रंग कमी अभिनेत्री अलका सिंह शर्मा,, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संचालक हरेंद्र दुबे के द्वारा महिलाओं को संबोधित किया। श्री दुबे ने पुरानी परंपराओं को याद दिलाया और कहां पहले दादी नानी के नुस्खे चलते थे अब पढ़ाई के साथ संस्कार खत्म हो रहे हैं । पढ़ाई के साथ संस्कार पर भी बच्चों को ध्यान देना होगा । जॉइंट डायरेक्टर अभियोजन राजेश यादव का कहना था महिलाओं को सशक्त बनाना बेहद जरूरी है सरकार की तमाम सारी ऐसी योजना है जिसके माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है महिलाओं को कानून का अधिकार भी दिया गया है। सहायक अभियोजन अधिकारी सुभाष त्रिपाठी का कहना था महिलाओं को शिक्षित बनाना बेहद जरूरी है। महिला होंगी तभी भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। सह आयोजक अध्यक्ष उड़ान प्रोजेक्ट वंदना सिंह का कहना था महिलाओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए उनके बच्चे शिक्षा ग्रहण करें साथ ही 40 महिलाओं को वूलन कार्डिगन वितरित किए वंदना सिंह ने डायल 1090 और 112 की भी जानकारी दी,, अभिनेत्री अलका सिंह शर्मा का कहना था यदि नारी सशक्त होगी तभी भारत सशक्त राष्ट्र बनेगा, कार्यक्रम के दौरान पार्षद राकेश कनौजिया, प्रीपेड टैक्सी स्टेशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा,, अटल चौक सेवा समिति के अध्यक्ष डीपी राठौर उपाध्यक्ष, रामकुमार ,विमल वर्मा, राजू यादव भगवान गुप्ता दुर्गेश उपाध्याय पवन तोमर लक्ष्मी सक्सेना, विभांशु कोहली, अजय गुप्ता, कमलेश कुमार मौजूद थे।

# खिचड़ी वितरण के साथ मनाया संक्रांति और बसंतोत्सव

## अग्रवाल महासभा द्वारा हलवाई की बगीची स्थित मां दुर्गा के मंदिर में आयोजित किया गया कार्यक्रम



- पांच क्विंटल खिचड़ी व दस किलो गजक का किया वितरण

एनएनआई

**आगरा।** समाज में सहयोग के लिए प्रेरित करने वाला त्योहार मकर संक्रांति व बसंतोत्सव का आयोजन अग्रवाल महासभा द्वारा कैलाशपुरी रोड, हलवाई की बगीची स्थित मां दुर्गा के मंदिर में भक्ति भाव व उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जिसमें पांच क्विंटल खिचड़ी, 100 किलो गजक व पीले मीठे चावल वितरण सहित भण्डारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महासभा के अध्यक्ष कान्ता प्रसाद अग्रवाल, महामंत्री विष्णु बिहारी गोयल, राम रतन मित्तल, मुख्य संरक्षक सुरेश चंद गर्ग, संयोजक सुभाष चंद गर्ग, संरक्षक नितेश अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को खिचड़ी वितरण कर किया। इससे पूर्व मंदिर में प्रसाद लगाकर विश्व शांति की कामना की गई।

अध्यक्ष कान्ता प्रसाद ने कहा कि आज के दिन दान का बहुत विशेष महत्व है। संक्रांति समाज में सहयोग के लिए प्रेरणा देता है। दान करने से ही धन बढ़ता है। महामंत्री विष्णु बिहारी गोयल ने कहा कि भारत की संस्कृति और सनातन धर्म को महबूत बनाए रखने के लिए अपने पर्वों को उत्साह व उमंग के साथ मनाया जाना चाहिए। युवाओं को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करें, जिससे आने वाली पीढ़ी भारतीय संस्कृति और धर्म के सच्चे रूप से परिचित हो सके। बंसत पंचमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ विघ्नविनाशक गणपति की आराधना गौरी के लाला की हम पूजा करते हैं, भजन के साथ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष राम रतन मित्तल, संजीव कुमार अग्रवाल, डॉ. मंजू बंसल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, वीरेन्द्र कुमार जैन, कुलवन्त मित्तल, सतेन्द्र अग्रवाल, असोक कुमार गोयल, फूल चंद बंसल, सुरेश अग्रवाल, वीना जैन, नीलम अग्रवाल, सुमन गर्ग, बबिता मित्तल, संगीता अग्रवाल, अनीता, जीवनलाल मित्तल आदि उपस्थित थे।

# जल संचयन व भूजल पुनर्भरण की रूपरेखा तैयार

**आगरा (एनएनआई)।** जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण को सशक्त करने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण को सशक्त करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्ज से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त केन्द्रीय भूजल बोर्ड, नई दिल्ली के वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित थे। केन्द्रीय भूजल बोर्ड के वैज्ञानिकों ने बैठक में बताया कि जिले के लिए तैयार भूजल रिचार्ज योजना के लिए ग्रामवार रिचार्ज जल संचयन व भूजल पुनर्भरण के कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा।




# लायंस क्लब आकाश ने दृष्टि बाधित बच्चों को किए स्वेटर वितरित

एनएनआई




**आगरा।** लायंस क्लब आकाश की ओर से समाजसेवा की कड़ी में रुनकता स्थित सूरकुटी दृष्टि बाधित विद्यालय में बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे सुरक्षित व सहज वातावरण में अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। क्लब के अध्यक्ष अनिल वार्ष्णेय ने बताया कि सर्दी के कारण छोटे बच्चों को सबसे अधिक कठिनाई होती है, विशेषकर दृष्टि बाधित बच्चों को। इसी को ध्यान में रखते हुए क्लब द्वारा 100 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी और वे ठिठुरन की चिंता से मुक्त दिखाई दिए। सूरकुटी दृष्टि बाधित विद्यालय के प्रबंधन ने क्लब के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों को स्वेटर की अत्यंत आवश्यकता थी और क्लब का यह सहयोग उनके लिए बड़ी राहत लेकर आया है। सभी ने बच्चों के साथ समय बिताया और समाजसेवा के इस कार्य को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सचिव अनुराधा गुप्ता, संजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, सतीश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, गौरी शंकर गुप्ता, संजय अग्रवाल, ब्रजराज सिंह, संगीता, सुधा, सारिका, विमलेश आदि उपस्थित रहे।

# आरटीई: तीन चरणों में होगी आवेदन प्रक्रिया

## डीएम के सख्त आदेश-निजी/प्राइवेट स्कूल आवंटित बच्चे को एडमिशन देने से मना करता है, तो उसकी मान्यता होगी रद्द

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) एक्ट 2009 के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में बताया गया कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) एक्ट 2009 के अंतर्गत निजी स्कूलों में वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए सीट आरक्षित हैं, ऑनलाइन आवेदन एवं लॉटरी प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, जिसमें प्रथम चरण आवेदन 02 फरवरी से 16 फरवरी 2026, सत्यापन की अंतिम तिथि 16 फरवरी व लॉटरी 18 फरवरी को संपादित की जाएगी। साथ ही द्वितीय चरण का आवेदन 21 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक आमंत्रित किए जाएंगे,सत्यापन की अंतिम तिथि 07 मार्च, तथा लॉटरी प्रक्रिया 09 मार्च, को होगी। तृतीय चरण में आवेदन 12 मार्च से 25 मार्च 2026 तक, सत्यापन की अंतिम तिथि 25 मार्च, एवं लॉटरी प्रक्रिया 27 मार्च को होगी।,

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 2026-27 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है। आर्थिक रूप से कमजोर व वंचित, कमजोर वर्ग के बच्चों को 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश मिलेगा। आवेदन 02 फरवरी से तीन चरणों में होंगे, जिसकी अंतिम तिथि 25 मार्च है। अभिभावकों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी, जिस हेतु समय सारणी जारी कर दी गई है। लॉटरी के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालयों को आवंटन के सापेक्ष नामांकन के आदेश जारी किए जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया शुरू होने से पहले जिले के सभी निजी गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रारंभिक कक्षाओं की कुल सीटों का कम से कम 25 प्रतिशत के आधार पर शत-प्रतिशत मैपिंग और रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा किया जाएगा। साथ ही, नामांकन करने के लिए हर विकास खंड में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि ऐसे सभी स्कूलों जो शिक्षा का अधिकार (आरटीई) एक्ट 2009 के अंतर्गत निजी/प्राइवेट स्कूलों में वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के पात्र बच्चों का शतप्रतिशत प्रवेश दिलाना सुनिश्चित किया जाए, उन्होंने प्रवेश न लेने वाले प्राइवेट स्कूलों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि अगर कोई निजी/प्राइवेट स्कूल आवंटित बच्चे को एडमिशन देने से मना करता है, तो उसकी मान्यता भी रद्द करने की संस्तुति की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कोई अभिभावक फर्जी दस्तावेजों से एडमिशन कराने की कोशिश करेगा तो उस पर भी विधिक कार्यवाही होगी। प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद स्कूल को बच्चे का विवरण आरटीई ऑनलाइन पोर्टल और यूडाइस पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी होगा। उन्होंने निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा निर्धारित मानकों से अधिक शुल्क वसूली, प्रति वर्ष ड्रेस बदलने, अनावश्यक स्कूल की ब्रांडिंग सामग्री का बोझ अभिभावक व बच्चों पर डालने आदि पर प्रभावी रोक लगाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं सतत निगरानी रखने के दिए निर्देश।

## बेसहारों का सहारा बने आप्टा के शिक्षक, कंबल और खाद्य सामिग्री बांटी



एनएनआई

**आगरा।** आप्टा पिछले कई वर्षों से कृष्ण सुदामा योजना के तहत गरीब बच्चों को मुफ्त में शिक्षा के साथ जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री और कंबलों का वितरण भी कर रही है। इसी के तहत आप्टा के शिक्षकों ने रविवार को सिकंदरा क्षेत्र के मलिन बस्तियों में जाकर जरूरतमंदों को खाद सामग्री और कंबलों का वितरण किया। आप्टा संस्थापक व संयोजक डॉ सुनील उपाध्याय ने बताया कि आप्टा के शिक्षक जरूरतमंदों का सहारा बनकर उनकी मदद कर रहे हैं। इसी के तहत दिसंबर से फरवरी तक वीक में दो बार जरूरतमंदों को सर्दी से बचने के लिए कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। जिसमें आप्टा से संबंधित 500 से अधिक शिक्षण संस्थाओं का योगदान है। डॉ सुनील उपाध्याय, मुकेश मिरचंदानी, अनिल रजवानी, उमेश टिन्ना, डॉ मोहित दीक्षित आदि उपस्थित रहे।



## नशा मुक्ति को लेकर चलाया अभियान, किया जागरूक

**आगरा एनएनआई।** जनहित सामाजिक सेवा संस्थान एवं फ्लाइ इंडिया फाउंडेशन के अंतर्गत नशा मुक्ति जन जागरण अभियान फिरोजाबाद में कोहिनूर बेंगल इंडस्ट्री कोहिनूर मार्ग पर किया गया। इसमें मजदूरों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। महासचिव सोनी त्रिपाठी, फ्लाई इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष किरण कुमार ने बताया कि मजदूरों के लिए नशा मुक्ति केंद्र के द्वारा भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में संजीव सिंह, नकीब अनवर ,अतुल ,मनोज, प्रदीप कुमार ,बॉबी शाहबाज, इरशाद, इलियास आदि लोग उपस्थित रहे।

## फेम ने डीवीवीएनएल और टोरंट के सामने उठाईं व्यापारियों की समस्याएं

एनएनआई

**आगरा।** फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल की डीवीवीएनएल एवं टोरंट के अधिकारियों के साथ व्यापारियों की समस्यायों के संदर्भ में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता में फेम उ.प्र.विद्युत प्रकोष्ठ चेयरमैन वी पी सिंह के उल्लेखनीय सुझाव रहे।

वार्ता में डीवीवीएनएल से कपिल सिदवानी (चीफ इंजीनियर डीवीवीएनएल एवं नोडल ऑफिसर,रविंदर सिंह (एसई),मोहित शर्मा (एसपी) एवं टोरंट से निशिकांत गुप्ता (जीएस टोरंट),विमर्श पंडित (एजीएम) एवं भूपेंद्र सिंह ढिल्लन (पीआरओ)अधिकारी उपस्तिथ रहे। भूपेंद्र सोबती टोरंट के लेटलतीफ रेस्पॉन्स, कनेक्सन देने में अतिरिक्त शर्तें,अनावश्यक ट्रांसफॉर्मर की डिमांड जैसी विभिन्न समस्याएं उठाईं। तीनो पक्षों ने भविष्य में समय समय पर



ऐसी त्रिपक्षीय मीटिंग करने पर सहमति जताई। प्रतिनिधिमंडल में फेम आगरा जिला से सर्वश्री मुकेश अग्रवाल (संरक्षक),राजेश खुराना (जिला अध्यक्ष),ब्रजेश पंडित (जिला महामंत्री),प्रेम शर्मा,मनोज खंडेलवाल, रूपेश कुमार,वी पी शर्मा आदि उपस्तिथ रहे।

## आईसीएसआई आगरा चैप्टर की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

एनएनआई

**आगरा।** द इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के आगरा चैप्टर की वर्ष 2026 की प्रथम कार्यकारिणी बैठक नेहरू नगर स्थित चैप्टर कार्यालय (सिल्वर पॉइंट बिल्डिंग) में आयोजित की गई। बैठक में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया गया तथा आगामी वर्ष में प्रस्तावित कार्यक्रमों, पेशेवर गतिविधियों और सामाजिक सहभागिता की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता नव-निर्वाचित चेयरमैन सीएस अनुज अशोक अग्रवाल ने की। इस अवसर पर सीएस निमिषा त्यागी ने उपाध्यक्ष तथा सीएस नीतू अग्रवाल ने सचिव के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया।



चेयरमैन सीएस अनुज अशोक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में कंपनी सेक्रेटरी की भूमिका कंपनी लॉ, जीएसटी, जीएसटी ट्रिब्यूनल, ट्रेडमार्क एवं कॉर्पोरेट अनुपालन के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में सरकार द्वारा जीएसटी ट्रिब्यूनल का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जीएसटी से संबंधित विवादों की अपील दायर की जाएगी और इसमें कंपनी सेक्रेटरी की भूमिका निर्णायक होगी।

उपाध्यक्ष सीएस निमिषा तयाल ने जानकारी दी कि आईसीएसआई आगरा चैप्टर से 100 से अधिक सदस्य जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यवसाय या संगठन के सुचारु संचालन, विधिक अनुपालन और कॉर्पोरेट गवर्नेंस में कंपनी सेक्रेटरी की भूमिका अनिवार्य है। चैप्टर का उद्देश्य सदस्यों को निरंतर अपडेट रखना और समाज में इस पेशे के महत्व को व्यापक रूप से प्रसारित करना है।

सचिव सीएस नीतू अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2026 में आगरा चैप्टर द्वारा विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में ज्ञानवर्धक सेमिनार, स्टूडेंट करियर अवेयरनेस प्रोग्राम, व्यापारिक संस्थानों एवं संगठनों के साथ कंपनी लॉ, जीएसटी एवं कॉर्पोरेट विषयों पर व्याख्यान, तथा राष्ट्रीय स्तर के पेशेवर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में सीएस मेघा अग्रवाल ने कहा कि कंपनी सेक्रेटरी एक ऐसा पेशा है जिसे किसी अंतराल के बाद भी पुनः शुरू किया जा सकता है। यह विशेष रूप से महिलाओं के लिए अत्यंत सहूलियत भरा पेशा है, जिसमें वर्क फ्रॉम होम, एमएसएमई कंसल्टेंसी एवं स्वतंत्र प्रैक्टिस के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। बैठक में पूर्व अध्यक्ष सीएस आमोद सोलंकी, ऑफिस इंचार्ज अमित कुमार, पल्लवी विशनानी आदि उपस्थित रहे।




## आदर्श विवाह समारोह 23 को, छह कन्याओं की होगी शादी

**आगरा एनएनआई।** श्री विद्यापति धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा आदर्श विवाह समारोह का आयोजन 23 जनवरी को श्रीकृष्ण गौशाला पर करने का संकल्प लिया गया। इसमें छह कन्याओं का विवाह हो रहा है। ट्रस्ट द्वारा गृहस्थी का समान कन्याओं को भेंट स्वरूप दिया जा रहा है जिसमें एक फ्रिज, गैस सिलेंडर व चूल्हा, एलईडी, मिक्सी, 51 बर्तन का सेट, पलंग, सिलाई मशीन, पंखा और कन्या के कपड़े, दरवाजे के बर्तन, मंगलसूत्र पायल चांदी की व अन्य सामान भी दिया जा रहा है। संस्था के संरक्षक यशपाल झा, अध्यक्ष प्रेम बाबू शर्मा, महामंत्री राज कमल शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, राजकुमार शर्मा इंजीनियर, सौरभ शर्मा, कौशल किशोर शर्मा, एस के पंडित, नवल किशोर शर्मा, अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



# बटेश्वर में निर्माणाधीन धर्मशाला का काम रोका

## पुलिस और राजस्व टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण



एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर में बैनामाशुदा जमीन पर बन रही शिव शक्ति धर्मशाला के निर्माण कार्य को रोके जाने पर बटेश्वर मंदिर के पुजारी जयप्रकाश गोस्वामी की पत्नी सुनीता गोस्वामी ने जिले के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि 21 मार्च 2013 को उन्होंने जमीन का बैनामा कराया था। जिस पर शिव शक्ति धर्मशाला का निर्माण कार्य हो रहा था। दूसरे पक्ष ने जमीन को अपना बताते हुए काम को रुकवा दिया। प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने 9 जनवरी को डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी को स्थलीय जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए थे। सुनीता गोस्वामी ने 13 जनवरी को मामले में डीएम से मिली थी। जिस पर उन्होंने एसडीएम को जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए थे। तहसीलदार बाह संपूर्ण कुलश्रेष्ठ ने बताया कि 13 जनवरी के आदेश पर उन्होंने सोमवार को नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष, राजस्व निरीक्षक हीरा सिंह बाह पुलिस के साथ निर्माणाधीन धर्मशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। जमीन संबंधी दस्तावेजों एवं बैनामा आदि की जांच की। उन्होंने बताया कि मौके पर दूसरे पक्ष का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। दूसरे पक्ष से संपर्क किया, लेकिन मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि ऐसे में निर्माण कार्य रोके जाने का कोई औचित्य नहीं है।



# काली माता मंदिर में श्रृंगार, घंटा एवं पूजा के पात्र चोरी

**बाह** एनएनआई। कुतझरा सिधावली के काली माता मंदिर से माता रानी का चांदी का श्रृंगार, पीतल का घंटा और तांबे के पात्र चोरी होने का मामला सामने आया है। सिधावली कुतझरा के काली माता मंदिर के पुजारी परशुराम ने पुलिस को बताया कि 17 जनवरी की रात 9.20 बजे मंदिर में घुसे चोर पीतल का एक घंटा, माता रानी के गले का हार, झुमकी, तिलक, 3 लोटा और एक थाल चोरी कर ले गये हैं। अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान और तलाश की जा रही है।

# युवक की संदिग्ध हालत में मौत, फंदे पर लटका मिला

एनएनआई



**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कुकंडई गांव में 22 वर्षीय युवक कुलदीप पुत्र अशोक कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना मृतक के घर के अंदर की बताई जा रही है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

कुलदीप के परिजनों के अनुसार, कुलदीप ने अपने ही घर में दीवार में लगी लोहे की किस में दुपट्टा फंसा कर फांसी लगाने की बात सामने आई है। मृतक के चाचा केदार सिंह ने बताया कि घटना के समय कुलदीप घर में अकेला था। जब एक बच्ची घर में अंदर गई तो उसने कुलदीप को फंदे से लटका पाया और उसकी चीख निकल गई। परिजनों ने सिख को सुनकर अंदर गए तो देखा की कुलदीप ने लोहे की किस से फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर खेरागढ़ थाना प्रभारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे। पुलिस को मौके पर सब फंदे से लटका हुआ नहीं मिला। जिस मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी मदन सिंह ने बताया कि प्रथम दृश्य यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया की मौत के सही कर्म का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# आजाद समाज पार्टी की नुक्कड़ सभा में जोरदार प्रदर्शन

**आगरा** एनएनआई। धनौली के नगला हनुमान अंबेडकर पार्क में आजाद समाज पार्टी (काशीराम) की नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने शिरकत की। सभा को संबोधित करते हुए सुनील कुमार चित्तौड़ ने कहा कि आजाद समाज पार्टी (काशीराम) का उद्देश्य समाज के दबे-कुचले लोगों को न्याय दिलाना है। हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना के लोकप्रिय सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद जी के नेतृत्व में समाज के लिए लड़ रहे हैं।

इस अवसर पर मनीष सोनी, क्षे. पं.स. वर्तमान में जिला प्रभारी युवा मोर्चा, के पदाधिकारी ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी (काशीराम) की जीत निश्चित है और हम समाज के लिए लड़ते है।और लड़ते रहेंगे

मनीष सोनी ने बताया आगामी 25 जनवरी को रामलीला मैदान में आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना के सांसद भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद जी की



रैली को सफल बनाना है और भाई के हाथों को मजबूत करना है 25 जनवरी को 10 बजे रामलीला मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे। इसको लेकर हर क्षेत्र में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जा रहा है। वही आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारीयों ने कहा 25 जनवरी को रामलीला मैदान में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी की एक विशाल जनसभा होगी, जिसमें नगीना लोक सभा सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद मुख्य अतिथि होंगे। इसको लेकर हर क्षेत्र, गली-मोहल्ले में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।



# अयेला गांव में बनेगी पुलिस चौकी

## पुलिस आयुक्त ने दी मंजूरी

**खेरागढ़** एनएनआई। सैंया खेरागढ़ मार्ग स्थित ग्राम समाज इंटर कॉलेज के पास अयेला गांव में नई पुलिस चौकी बनेगी। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। थाना प्रभारी गुरविंदर सिंह ने सोमवार को पुलिस चौकी के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। क्षेत्र के ग्राम अयेला, लल्लू पुरा,भेंसौन, रावतपुरा,जोधापुरा आज मजरे आएंगे। बुधवार को भूमि पूजन होगा। दो माह में चौकी का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस चौकी के लिए ग्राम समाज इंटर कॉलेज ने जगह उपलब्ध कराई है।

# बीएमसी में महायुति की जीत पर शहर में जश्न

एनएनआई

**आगरा।** महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव में महायुति–भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना (शिंदे गुट)–को मिली प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में रविवार को आगरा में भव्य जश्न मनाया गया।




कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महाराष्ट्र में मिली यह ऐतिहासिक सफलता संगठन के लिए प्रेरणास्रोत है, जो अन्य राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश में, पार्टी को नई ऊर्जा, दिशा और आत्मविश्वास प्रदान करेगी। नेताओं ने विश्वास जताया कि इसका सकारात्मक प्रभाव आगामी चुनावों में भी देखने को मिलेगा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित पंचायत चुनावों को लेकर संगठनात्मक तैयारियों की भी जानकारी दी गई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं आगरा मंडल प्रभारी दीपक सक्सेना ने कहा कि सभी जनपदों में संगठनात्मक टीमें गठित की जा रही हैं। ये टीमें शीघ्र ही डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगी, जिसके माध्यम से पार्टी की नीतियों, विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की और आगामी चुनावों में संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया

# दवा व्यापारियों की हुंकार, 'उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो करेंगे प्रदर्शन'

एनएनआई

**आगरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे नित नए और अव्यावहारिक शासनादेशों के खिलाफ अब दवा व्यापारियों का धैर्य जवाब देने लगा है। सोमवार को फतेहाबाद रोड स्थित एक होटल में आगरा फार्मा एसोसिएशन के तत्वाधान में 'ऑर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश' की प्रदेश कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यापारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि ड्रग एक्ट के विपरीत जाकर पुलिस हस्तक्षेप और प्रशासनिक उत्पीड़न बंद नहीं हुआ, तो प्रदेश भर के दवा व्यापारी लखनऊ कूच कर बड़ा आंदोलन करेंगे।

बैठक में वक्ताओं ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की आयुक्त रौशन जैकब द्वारा जारी किए जा रहे शासनादेशों पर कड़ा ऐतराज जताया। पदाधिकारियों का कहना था कि आए दिन ऐसे तुगलकी फरमान जारी किए जा रहे हैं, जिनका जमीनी स्तर पर पालन करना (क्रियान्वयन) संभव ही नहीं है। ये आदेश मूल ड्रग एक्ट के प्रावधानों के बिल्कुल विपरीत हैं। इसके कारण व्यापारियों को मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है और पुलिस का अनावश्यक हस्तक्षेप बढ़ रहा है, जो किसी भी नियम के तहत मान्य नहीं है। सुधीर अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के अधिकारी ड्रग एक्ट की धज्जियां उड़ाकर अपनी मर्जी थोप रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा रोज नए आदेश जारी किए जा रहे हैं जो अव्यावहारिक हैं। पुलिस को जांच का अधिकार देकर व्यापारियों को डराया जा रहा है। हमने तय किया है कि अगर ये काले कानून वापस नहीं हुए तो हम ईंट से ईंट बजा देंगे।

**आगरा फार्मा एसोसिएशन की नई टीम ने ली शपथ**

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद शाम को आगरा फार्मा एसोसिएशन के सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अनूप बंसल ने अध्यक्ष, महेश अग्रवाल ने महामंत्री और हरिओम सिंघल ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके अलावा जगदीश राठी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सुनील गुप्ता (संगठन मंत्री), अभिषेक अग्रवाल (उप सचिव), संदीप गुप्ता (उपाध्यक्ष), प्रवीण कुमार (सह-कोषाध्यक्ष), ओम प्रकाश (ओमी भाई) चेयरमैन और हरिचंद बंसल ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। इस दौरान ऑर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, संगठन मंत्री, शैलेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार गर्ग मौजूद रहे।

# संपादकीय

## महाराष्ट्र नगर निकाय नतीजों के मायने

महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों के बाद यह सबसे बड़ा सवाल है कि अब ब्रांड ठाकरे और पवार का क्या होगा? इस बार दोनों ने परिवार का ब्रांड बचाने के लिए कई उपाय किए थे। इनमें एक उपाय यह भी था कि अहंकार छोड़ कर दोनों परिवार एक हुए थे। ठाकरे बंधु 20 साल के बाद साथ आए थे तो पवार चाचा भतीजे ने भी हाथ मिलाया था। उद्धव और राज ठाकरे को मुंबई का किला बचाना था तो पवार चाचा भतीजे को पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और परभणी में परिवार का पुराना गढ़ वापस हासिल करना था। दोनों परिवारों को भाजपा के बढ़ते असर को चेक करना था और अपना वर्चस्व या तो बचाए रखना था या वापस हासिल करना था। लेकिन दोनों को कामयाबी नहीं मिली।अब सवाल है कि आगे क्या होगा? क्या आगे भी ठाकरे परिवार एक साथ रहेगा, उद्धव ल राज ठाकरे मिल कर राजनीति करेंगे और दोनों की पार्टियों का विलय होगा? यही सवाल पवार परिवार के लिए है कि क्या चाचा और भतीजे की पार्टी का विलय हो जाएगा? पवार परिवार से जुड़ा सवाल यह भी है कि अगर विलय होता है तो फिर एक होने के बाद एनसीपी का स्थान कहां होगा? यह सवाल इसलिए है क्योंकि अजित पवार एनडीए में हैं तो शरद पवार अभी कांग्रेस गठबंधन में हैं। हालांकि नगर निकाय चुनावों में सारे गठबंधन टूट गए थे।चुनाव खत्म होने के बाद पार्टियों को अपने राजनीतिक भविष्य के हिसाब से चुनना होगा कि वे किस तरफ रहेंगी। महाराष्ट्र में लगातार तीन चुनाव जीत कर भाजपा ने साबित किया है कि वह अब पूरे प्रदेश की पार्टी है और इस बार के स्थानीय चुनाव में उसके साथ साथ एकनाथ शिंदे की पार्टी को जो कामयाबी मिली है उसका एक मैसेज यह भी है कि भाजपा के साथ रहने पर कामयाबी और सत्ता की गारंटी है। बहरहाल, ठाकरे परिवार की आगे की राजनीति इस बात से तय होगी कि उद्धव और राज ठाकरे अपने जीते हुए पार्षदों को एकजुट रख पाते हैं या नहीं।अगर विचारधारा के आधार पर उद्धव अपने पार्षदों को बचाए रखते हैं और उनके सांसद, विधायक उनके साथ रहते हैं तो वे अगली लड़ाई के लिए सर्वाइव कर जाएंगे। इसके लिए उनको नए सिरे से अलायंस पर विचार करना होगा। जहां तक पवार परिवार का मामला है तो उम्र के आखिरी पड़ाव पर पहुंचे शरद पवार को फैसला करना है कि वे अपना उत्तराधिकार भतीजे अजित पवार को सौंप कर रिटायर होते हैं या नहीं। अजित पवार निश्चित रूप से भाजपा के साथ बने रहना चाहेंगे। भाजपा की जीत से उनको भी संदेश मिल गया है। मार्च में राज्यसभा चुनाव तक पवार परिवार की राजनीति स्पष्ट हो जाएगी। वहीं देवेंद्र फड़नवीस ने जब महाराष्ट्र के पहले भाजपाई मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी तब शायद किसी ने नहीं सोचा होगा कि मराठा वर्चस्व वाले इस प्रदेश में एक ब्राह्मण नेता इतना शक्तिशाली हो जाएगा। 2019 में शिव सेना से तालमेल टूटने और उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री बनने के बाद आमतौर पर यह धारणा थी कि अब भाजपा के लिए मुश्किल होगी और फड़नवीस के लिए तो और ज्यादा मुश्किल होगी। लेकिन अब सबसे ज्यादा चर्चा उन्ही की हो रही है। विधानसभा चुनाव में अकेले भाजपा को बहुमत के नजदीक पहुंचा देने का श्रेय भी उनको मिला था लेकिन उसके बाद ग्रामीण और शहरी निकाय चुनावों में भाजपा को मिली भारी भरकम कामयाबी ने नेतृत्व की टॉप लीग में उनकी जगह और मजबूत कर दी है। खासतौर से मुंबई महानगरपालिका की जीत ने उनका कद ज्यादा बढ़ाया है। पहली बार मुंबई में भाजपा का मेयर बनने जा रहा है।देवेंद्र फड़नवीस सरकार और संगठन दोनों के चेहरे के तौर पर उभरे हैं। उनके प्रति संघ का सद्भाव पहले से है। अब उन्होंने संगठन का भी समर्थन पूरी तरह से हासिल कर लिया है। शहरी निकाय चुनावों के बाद उन्होंने पहला फोन मुंबई के अध्यक्ष अमित साटम को किया और दूसरा फोन प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को किया। फड़नवीस ने यह दिखाया कि भाजपा का संगठन सबसे महत्वपूर्ण है। अपने श्रेय लेने की बजाय उन्होंने संगठन को पहले श्रेय दिया। उन्होंने अपने को संगठन के मुख्यमंत्री के तौर पर स्थापित किया है। महाराष्ट्र का नगर निकाय का चुनाव असदुद्दीन ओवैसी के लिए बड़े मायने वाला साबित हुआ है। उनकी पार्टी के 90 से ज्यादा पार्षद जीते हैं।गौरतलब है कि हैदराबाद से बाहर महाराष्ट्र पहला राज्य था, जहां ओवैसी की पार्टी लोकसभा चुनाव जीती थी। औरंगाबाद में उसके इम्तियाज जलील सांसद हुए थे। सवाल है कि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिव सेना और शरद व अजित पवार दोनों की एनसीपी के होने के बावजूद ओवैसी की पार्टी के प्रति इतना मुस्लिम रूझान क्यों देखने को मिला? यह मुस्लिम समुदाय में और खास कर उसके युवाओं में आ रहे बदलाव का संकेत है। मुस्लिम युवा अब अपनी लीडरशिप के लिए वोट कर रहे हैं। वे सेकुलर राजनीति करने वाली दूसरी पार्टियों को वोट देने की बजाय मुस्लिम लीडर वाली पार्टी चुन रहे हैं।तभी बिहार के सीमांचल में भी मुस्लिमों ने राजद, कांग्रेस और लेफ्ट सबको छोड़ कर ओवैसी की पार्टी को वोट किया और उनके पांच विधायक जीते। यह मुस्लिम बहुलता वाले राज्यों में मुस्लिम वोट की राजनीति करने वाले सभी नेताओं, जिनमें अखिलेश यादव से लेकर तेजस्वी यादव और ममता बनर्जी तक सब शामिल हैं, उनके लिए अच्छा संकेत नहीं है। कांग्रेस के लिए भी यह एक मैसेज है। वह मुस्लिम वोट को फॉर गारंटीड नहीं ले सकती है। पश्चिम बंगाल के संदर्भ में खासतौर से कांग्रेस और ममता बनर्जी को इस बारे में सोचने की जरुरत है।





डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य

# वसंत पंचमी

वैदिक पंचांग के अनुसार माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी मनाई जाती है। यह पर्व देवी सरस्वती को समर्पित होता है और ज्ञान, विद्या, संगीत और कला में उन्नति के लिए विशेष महत्व रखता है। 23 जनवरी 2026 को सुबह 2:28 बजे से अगले दिन 1:46 बजे तक यह तिथि रहेगी। इस दिन पूजा, व्रत और विशेष भोग से जीवन में खुशियां और सकारात्मक ऊर्जा आती है।

### वसंत पंचमी 2026 तिथि

तिथि प्रारंभ: 23 जनवरी, सुबह 02:28
तिथि समाप्त: 24 जनवरी, सुबह 01:46
पूजा मुहूर्त: प्रात: 07:13 से दोपहर 12:33
ब्रह्म मुहूर्त: प्रात: 05:26 से प्रात:06:26
विजय मुहूर्त: दोपहर 02:20 से दोपहर 03:02
गोधूलि मुहूर्त: सायं 05:50 से सायं 06:17
अभिजित मुहूर्त: दोपहर 12:12 से दोपहर 12:54

## वसंत पंचमी पर क्या करें?

वसंत पंचमी का दिन विद्या, ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इस दिन कुछ विशेष कार्य करने से जीवन में खुशियाँ और समृद्धि आती हैं:

शुभ रंग पहनें: पीले या सफेद वस्त्र पहनें। पीला रंग वसंत ऋतु और ज्ञान का प्रतीक है, जबकि सफेद रंग शांति और सकारात्मक ऊर्जा लाता है।

सरस्वती पूजन: देवी सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा करें। मंदिर या घर पर पूजा करते समय साफ-सुथरा स्थान चुनें और दीपक, फूल, फल, मिठाई और पुस्तक का भोग लगाएँ।

सात्त्विक भोजन ग्रहण: दिनभर हल्का और सात्त्विक भोजन लें। फल, दूध, हल्दी, हल्के पकवान आदि शुभ माने जाते हैं।

विद्यार्थियों और कला प्रेमियों के लिए: इस दिन पुस्तक, संगीत यंत्र या कला से जुड़े उपकरण की पूजा कर-के अभ्यास करना अत्यंत शुभ होता है।

ध्यान और ध्यान-साधना: दिन के दौरान थोड़ी देर ध्यान या योग करने से मानसिक ऊर्जा और सकारात्मकता बढ़ती है।

मंत्र का उच्चारण: पूजा के बाद सरस्वती मंत्र का जाप करें:

सरस्वती महाभागे विद्ये कमललोचने विद्यारूपे विशालाक्षि विद्यां देहि नमोस्तुते

## वसंत पंचमी पर क्या न करें?

कुछ कार्य ऐसे भी हैं, जिन्हें इस दिन करने से बचना चाहिए क्योंकि ये शुभता और सकारात्मक ऊर्जा में बाधा डाल सकते हैं:

काले वस्त्र पहनना: काला रंग नकारात्मकता और अवसाद का प्रतीक माना जाता है। इस दिन इसे पहनने से बचें।

पूजा से पहले भोजन करना: व्रत या उपवास रखने की परंपरा है। पूजा से पहले भोजन न करें और पूजा समाप्त होने तक उपवास रखें।

तामसिक भोजन का सेवन: मांस, लहसुन, प्याज, शराब और भारी मसालेदार भोजन से बचें। ये शरीर और मन दोनों को भारी और नकारात्मक बना सकते हैं।

पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई: बसंत पंचमी से वसंत ऋतु की शुरूआत होती है। इस दिन पेड़-पौधों की कटाई करना अशुभ माना जाता है और इससे जीवन में नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

गुस्सा या विवाद: इस दिन नकारात्मक भावनाएँ रखना या किसी से विवाद करना उचित नहीं माना जाता। शांति और सौहार्द बनाए रखें।

अनावश्यक खर्च या निवेश: यह दिन आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम रखने का दिन है। जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश या खर्च न करें।

## मां सरस्वती के ऐसे मंदिर, जहां दर्शन से मिलती है मन को शांति

विद्या, ज्ञान, संगीत और ऋतु का पर्व वसंत पचंमी इस वर्ष 23 जनवरी 2026 को मनाया जा रहा है। वसंत पंचमी मां सरस्वती की वीणा की मधुर ध्वनी की तान का अनुभव देने वाला पर्व है। यह पर्व ज्ञान, कला, संगीत और शिक्षा कीदेवी मां सरस्वती को समर्पित है। भारत की हजारों साल पुरानी सांस्कृतिक परंपरा में वसंत पंचमी को धरती पर बसंती ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

इस दिन सूर्य पीला वस्त्र धारण करता है और खेतों में सरसों के फूलों की चमक चारों ओर बसंती रंग भर देती है। शायद इसलिए इसे बसंत का उत्सव कहा जाता है। इस पर्व से पहले ये जानना चाहिए कि वसंत पंचमी क्यों मनाते हैं और इस दिन मां सरस्वती की पूजा क्यों की जाती है?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वसंत पंचमी तिथि को ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती प्रकट हुई थीं। ये उनके जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके अलावा बसंत पंचमी वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक भी है। इस वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा के लिए उन्हें समर्पित मंदिरों में जा सकते हैं और दर्शन व सरस्वती वंदन कर सकते हैं।

भारत में कई मंदिर ऐसे हैं जहाँ बसंत पंचमी के समय दर्शन मात्र से ही आंतरिक शांति का अनुभव होता है। यहां कुछ ऐसे सरस्वती मंदिरों के बारे में बताया जा रहा है, जहां दर्शन से मन को शांति मिलती है और वसंत पंचमी में पूजन से बुद्धि व ज्ञान का आशीर्वाद मिलता है।

**विद्याधरेश्वर मंदिर, उज्जैन**

मध्य प्रदेश के उज्जैन में विद्याधरेश्वर मंदिर स्थित है।

यह मंदिर प्राचीन विद्या की परंपरा से जुड़ा है।

यहां का शांत वातावरण और नदी का किनारा श्रद्धालुओं के मन को ध्यान की गहराई तक ले जाता है।

**सरस्वती धोला मंदिर**

गुजरात में समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर अपनी प्राकृतिक छटा के लिए प्रसिद्ध है। यहां पत्थरों की नाजुक नक्काशी सौंदर्य और अध्यात्म का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती है।

**डकशीनामूर्ति मंदिर**

डकशीनामूर्ति मंदिर तमिलनाडु में स्थित है। यह दैत्यों को परास्त करने वाले शिव के रूप में डकशीनामूर्ति को समर्पित है। पर यहाँ सरस्वती की उपासना भी विशेष स्थान रखती है। यहाँ की मौन साधना मन को शांत करने का सर्वोत्तम अनुभव देती है।

**कंची परमाणनाथ स्वामी मंदिर, कांचीपुरम**


तमिलनाडु के ही कांचीपुरम में कंची परमाणनाथ स्वामी का मंदिर है। श्रीमद् वेदों और शिक्षा की परंपरा इस मंदिर के इतिहास में गहराई से जुड़ी है। बसंत पंचमी के दिन यहाँ की पूजा अत्यंत प्रभावशाली मनी जाती है।

**महाकाली तथा सरस्वती मंदिर, बनारस**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मां सरस्वती को समर्पित मंदिर है।

काशी की पवित्रता में बसी यह जगह शांति, भक्ति और ध्यान का अनुपम संगम है। यहां की आरती और भजन श्रवण की अनुभूति जीवन को नई दिशा देते हैं।

# सिनेमा जगत का ऐतिहासिक दिन, पहली बार छायाकार को मिला दादा साहब फाल्के सम्मान



भारतीय सिनेमा के इतिहास में 20 जनवरी का दिन स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। इसी दिन महान छायाकार वी.के. मूर्ति को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान वर्ष 2008 के लिए दिया गया, जिसे उन्हें 2010 में प्रदान किया गया। इसके साथ ही वी.के. मूर्ति यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाले पहले सिनेमेटोग्राफर बने। भारतीय सिनेमा में अभिनय के साथ-साथ तकनीकी पक्ष को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में वी.के. मूर्ति का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने रोशनी, कैमरा कोण और दृश्य संयोजन के जरिए फिल्मों को एक अलग पहचान दी। गुरु दत्त के साथ उनके लंबे सहयोग ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी फिल्में दीं। 'प्यासा', 'कागज के फूल', 'चौदहवीं का चांद' और 'साहिब बीवी और गुलाम' जैसी फिल्मों में उनका छायांकन आज भी मिसाल माना जाता है। यह सम्मान भारतीय सिनेमा में तकनीकी कलाकारों की भूमिका को रेखांकित करता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।



# पूजा हेगड़े को लेकर वायरल दावों पर विराम, अफवाहों से दूरी

अभिनेत्री पूजा हेगड़े को लेकर हाल के दिनों में सोशल मीडिया और कुछ मंचों पर कई तरह की चचाएं सामने आई। इन खबरों में उनके नाम से कथित बयान और घटनाओं का दावा किया गया, जिससे भ्रम की स्थिति बनी। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के अनुसार पूजा हेगड़े ने न तो किसी मंच पर और न ही सार्वजनिक रूप से इस तरह की किसी घटना का जिक्र किया है। अभिनेत्री की ओर से ऐसा कोई बयान सामने नहीं आया है, जिससे वायरल दावों की पुष्टि हो सके। जानकारों का कहना है कि बिना पुष्टि के फैलाई जा रही ऐसी खबरें केवल अटकलों पर आधारित हैं। पूजा हेगड़े इन दिनों अपने आगामी फिल्म प्रोजेक्ट्स को लेकर व्यस्त हैं और किसी भी विवादित बयान से उन्होंने दूरी बनाए रखी है।

# मेंटोरशिप और उद्यमिता पर सुनील शेट्टी की पहल, नए उद्यमियों को संवारने पर जोर



अभिनेता सुनील शेट्टी इन दिनों अभिनय के साथ-साथ उद्यमिता और मेंटरशिप को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वह एक नई रियलिटी श्रृंखला के जरिए देशभर के उभरते उद्यमियों को मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिसमें छोटे शहरों और नए बाजारों से आए प्रतिभागियों पर विशेष फोकस किया गया है। यह मंच उन विचारों को आगे लाने का प्रयास करता है, जो वास्तविक जरूरतों और दीर्घकालिक विस्तार की सोच पर आधारित हैं। कार्यक्रम में अनुभवी उद्योग विशेषज्ञों और निवेशकों का पैनल शामिल है, जो प्रतिभागियों को व्यावहारिक सलाह और वित्तीय सहयोग के अवसर प्रदान करता है। श्रृंखला का उद्देश्य केवल निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और सोच के जरिए एक नए भारत के उद्यमियों को तैयार करना है। सुनील शेट्टी का मानना है कि सही मेंटरशिप से युवा उद्यमी न केवल सफल व्यवसाय खड़े कर सकते हैं, बल्कि रोजगार सृजन में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के हर चरण में अलग-अलग क्षेत्रों के अनुभवी लोग अपने अनुभव साझा करते हैं, जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों और अवसरों को समझने में मदद मिलती है।

## जयपुर में पश्चिम बंगाल का परचम

# प्रिंसप्रिया भौमिक बनीं जूनियर मिस इंडिया

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले की प्रिंसप्रिया भौमिक ने जूनियर मिस इंडिया 2026 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया है। 15 से 16 वर्ष आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले जनवरी के पहले सप्ताह में जयपुर में आयोजित हुआ। प्रिंसप्रिया ने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रतिभा के दम पर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न चरणों में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक दौर में बंगाल की परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर उन्होंने खूब सराहना बटोरी। खिताब जीतने के बाद प्रिंसप्रिया ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करने की इच्छा जताई। उनकी इस सफलता से पूरे पश्चिम बंगाल में खुशी का माहौल है।



Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# साइना नेहवाल ने किया संन्यास का एलान



भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से सोमवार को संन्यास का एलान कर दिया। लंबे समय से घुटने की गंभीर समस्या से जूझ रही साइना ने कहा कि अब उनका शरीर एलीट स्तर के खेल की शारीरिक मांगों को सहन करने की स्थिति में नहीं है।



## 2023 में खेला था आखिरी मैच

लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने आखिरी बार 2023 में सिंगापुर ओपन में प्रतिस्पर्धी मैच खेला था, लेकिन उस समय उन्होंने औपचारिक रूप से संन्यास की घोषणा नहीं की थी। हाल ही में एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान उन्होंने अपने फैसले पर खुलकर बात की। साइना ने कहा, 'मैंने दो साल पहले ही खेलना बंद कर दिया था। मुझे लगा कि मैंने अपने दम पर इस खेल में कदम रखा और अपने ही फैसले से बाहर आई, इसलिए अलग से संन्यास की घोषणा करने की जरूरत नहीं समझी।' पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी ने बताया कि उनके घुटने की कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुकी है और उन्हें आर्थराइटिस हो गया है, जिसकी वजह से लंबे समय तक और तेज ट्रेनिंग करना संभव नहीं रहा। उन्होंने कहा, 'डॉक्टरों ने साफ कह दिया था कि कार्टिलेज पूरी तरह खत्म हो चुकी है। मैंने अपने माता-पिता और कोच को बता दिया था कि अब शायद मैं इसे आगे नहीं कर पाऊंगी।' साइना ने यह भी कहा कि लोगों को धीरे-धीरे खुद ही समझ आ जाएगा कि वह अब खेल नहीं रही हैं। उन्होंने कहा, 'अगर आप खेलने लायक नहीं हैं, तो वहीं रुक जाना चाहिए। इसमें कोई बुराई नहीं है।' उन्होंने बताया कि जहां पहले वह दिन में 8-9 घंटे ट्रेनिंग कर पाती थीं, वहीं अब एक-दो घंटे में ही घुटने सूज जाते थे। उन्होंने आगे कहा, 'अब मेरा घुटना पहले जैसा साथ नहीं दे पा रहा था। इसलिए मैंने तय किया कि अब बस, और नहीं।'

## 2024 में किया था चोट का खुलासा

साइना का करियर रियो ओलंपिक 2016 के दौरान लगी घुटने की गंभीर चोट से काफी प्रभावित हुआ। हालांकि, उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2017 में विश्व चैंपियनशिप का कांस्य पदक और 2018 में कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वर्ण पदक जीता, लेकिन घुटने की समस्या बार-बार उनके रास्ते में आती रही। 2024 में साइना ने खुलासा किया था कि उन्हें घुटनों में आर्थराइटिस है और कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुकी है, जिससे शीर्ष स्तर पर खेलना लगभग असंभव हो गया है।

### लगातार पांचवीं जीत के साथ प्लेऑफ में पहुंची आरसीबी, पहली टीम बनी

# गुजरात को 61 रन से हराया

**वडोदरा।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात जाएंट्स को 61 रन से हरा दिया। महिला प्रीमियर लीग 2026 में यह आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत है। इसी के साथ स्मृति मंधाना की शीर्ष पर रहते हुए प्लेऑफ में पहुंच गई। सोमवार को वडोदरा में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम निर्धारित ओवरों में 117 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम ने महज नौ रन पर ग्रेस हैरिस और जॉर्जिया वॉल के विकेट गंवा दिए। इसके बाद गौतमी नाइक ने पारी को संभालते हुए शानदार अर्धशतक जड़ा। कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 60 रनों की अहम साझेदारी की। मंधाना




के आउट होने के बाद नाइक ने ऋचा घोष के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। नाइक ने 55 गेंदों में 73 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि ऋचा घोष ने आक्रामक अंदाज में 27 रन बनाए। अंत में राधा यादव की तेजतर्रार पारी की बदौलत आरसीबी ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 178 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जाएंट्स की टीम शुरूआत से ही दबाव में नजर आई। पावरप्ले में ही टीम ने बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, अनुष्का शर्मा और कनिका आहूजा जैसे अहम विकेट गंवा दिए।

# इंदौर शतक के बाद फिर गरमाया विवाद, कोहली के भाई का मांजरेकर पर तंज

**नई दिल्ली।** इंदौर में विराट कोहली के शानदार शतक के बाद एक बार फिर पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर और कोहली परिवार के बीच जुबानी जंग चर्चा में आ गई है। विराट के भाई विकास कोहली ने सोशल मीडिया के जरिए मांजरेकर की टिप्पणियों पर अप्रत्यक्ष लेकिन तीखा कटाक्ष किया है।

दरअसल, कुछ समय पहले संजय मांजरेकर ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए एकदिवसीय क्रिकेट सबसे आसान प्रारूप होता है। उन्होंने सिर्फ एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के विराट के फैसले पर भी निराशा जताई थी।इसी बीच इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक मुकाबले में विराट कोहली ने 108 गेंदों पर 124 रन की शानदार पारी खेली। शतक के बाद विकास







कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, मिस्टर क्रिकेट एक्सपर्ट के पास सबसे आसान प्रारूप के लिए कोई सुझाव हैं क्या? मैदान में उतरकर करना पड़ता है, कहना आसान है। उनके इस बयान को मांजरेकर पर सीधा तंज माना जा रहा है। यह पहला मौका नहीं है जब विकास कोहली ने इस तरह की प्रतिक्रिया दी हो। इससे पहले भी विराट की बड़ी पारियों के बाद उन्होंने वनडे क्रिकेट को आसान बताने वाले बयानों पर सवाल उठाए थे। फिलहाल बहस का केंद्र यही है कि क्या एकदिवसीय क्रिकेट वाकई आसान प्रारूप है और विराट कोहली का सिर्फ इसी प्रारूप में खेलने का फैसला कितना सही है। इस मुद्दे पर क्रिकेट जगत और प्रशंसकों की राय बंटी हुई नजर आ रही है।

## मंगलवार, 20 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन शुभ और मंगलकारी रहेगा। आप आज कार्यक्षेत्र में लाभ और उन्नति पाएंगो। नौकरी में आपको आज साथी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आपके लिए आज अच्छी बात है कि आपको आज वरिष्ठ सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

वृषभ राशि के जातको के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज भाग्य भाव में चंद्रमा और शुक्र की युति होने से आपका मन आनंदित रहेगा। आप आज मनोविनोद और मनोरंजन के मूड में रहेगे। दोस्तों और साथी सहकर्मियों के बीच आज आपकी छवि चमकेगी।

थनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा है। आप आज बीते दिनों की उलझन और चिंताओं को निदान करने में सफल होंगे। आपका काम भी आज सुचारू रूप से चलेगा। आप कुछ नया और रोमांचक काम भी कर सकते हैं।

कर्क राशि के लिए आज का दिन चंद्रमा के गोचर से अनुकूल रहने वाला है। आप दिन के आरंभ से ही आज ऊर्जा और उत्साह से भरपूर बने रहेंगे। आप अपने अटके अधूरे काम को पूरा कर पाएंगे जिसमें आपको आज मित्रों और सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आपको आज आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सितारे बताते हैं कि आज आप चतुर बुद्धि और अनुशासन से परिस्थिति को अपने पक्ष में रख पाएंगे।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों मं अनुकूल रहेगा। आपको आज नौकरी में किसी विपरीतलिंगी साथी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आप कुछ नया रोमांस का भी आज कर सकते हें। जो लोग नौकरी की तलाश में जुटे हुए हैं आज उनको कोई लाभदायक मौका मिल सकता है।

तुला राशि के जातको के लिए आज मंगलवार का दिन सुख साधनों में वृद्धि करने वाला रहेगा। जो जातक वस्त्र और साज श्रृंगार की वस्तुओं का कारोबार करते हैं उनको आज लाभ का विशेष अवसर प्राप्त होगा। नौकरी में आज का दिन आपका मिलाजुला रहेगा।

आज का दिन वृश्चिक राशि के जातकों के लिए मिलाजुला रहेगा। आपके ऊपर आज कामकाज का दबाव बना रह सकता है। आपको नौकरी में आज कुछ नया काम या जिम्मेदारी मिल सकती है। किसी वजह से आज आपका काम अटक सकता है इसलिए आपको आज प्रबंधन क्षमता का प्रयोग करना चाहिए।

धनु राशि के जातको के लिए आज मंगलवार का दिन मिलाजुला रहेगा किसी अचानक बनने वाली परिस्थिति की वजह से आपका कोई महत्वपूर्ण काम आज अटक सकता है। लेकिन दिन के दूसरे भाग में आप अपना काम तेजी से निकाल पाएंगे।

मकर राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन रूचक राजयोग से लाभदायक रहेगा। आज चंद्रमा का गोचर मकर उपरांत कुंभ राशि में भी होने जा रहा है। ऐसे मं आज का दिन मकर राशि के लोगों को करियर में लाभ और उन्नति का मौका प्रदान करेगा।

कुंभ राशि के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। आप आज अपनी कार्ययोजना को बेहतर तरीके से लागू कर पाएंगे। बिजनेस में आपको लाभ मिलेगा। आपको किसी पूर्व परिचित या मित्र से सहयोग मिल सकता है।

मीन राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन करियर और काम के लिहाज से उत्साहवर्धक रहेगा। आपकी राशि लाभ भाव में बना शुभ योग आपको कई क्षेत्र से लाभ प्रदान करेगा। आप आज अपनी लगनशीलता और प्रयास से आज विपरीत स्थिति को भी अपने पक्ष में कर पाएंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# रिवाज संस्था की भजन संध्या में मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु






एनएनआई

**आगरा।** रिवाज संस्था का मुंबई के बगीची विष्णु लक्ष्मी मंदिर में भजन संध्या, हनुमान चालीसा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांग महेश शर्मा की मंडली द्वारा श्याम भजन गाकर प्रभु को रिझाया गया, तो वहीं भक्तों ने भी झूमकर अपनी हाजिरी लगाई। रिवाज संस्था का यह उद्देश्य रहता है कि कोई भी दिव्यांग यदि अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहता है चाहे वह क्षेत्र गायन, नृत्य, चित्रकारी अदाकारी अथवा अन्य किसी का भी हो रिवाज संस्था उसको प्रोत्साहित करने के लिए तैयार रहती है। उक्त भजन संध्या में लगभग 200 लोगों ने भजन का आनंद लेने के बाद प्रसाद का भी आनंद लिया।

कार्यक्रम में नीना सिंह, रिचा गर्ग, सौम्या बंसल, उपासना शिवहरे, पूजा अग्रवाल, विशाल रायजादा, स्वतंत्र कुमार, मनीष चौधरी, अनुज, नमिता सिंह, किरण सिंह, सोनिया, सारिका, दीप्ति गर्ग, सोनू गर्ग, यशकांत संगम, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे। भंडारे की व्यवस्था दीपक शर्मा व यशकांत संगम ने संभाली। मधु सक्सेना ने कार्यक्रम में आए सभी संस्था के सदस्य व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।




# भगवत गीता के द्वादश अध्याय का कराया सामूहिक पारायण




एनएनआई

**आगरा।** गणेश रामनागर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर बलकेश्वर में गीता परिवार आगरा मंडल द्वारा महान योद्धा व सन्यासी स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के उपलक्ष में एक प्रेरक व्याख्यान शिविर का आयोजन बड़े आनंद एवं योग के साथ संपन्न किया गया।

राजेंद्र के कुशल नेतृत्व में 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में गीता परिवार मंडल के सभी सदस्यों ने मां शारदे के समक्ष सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चन कर, भगवद् प्रार्थना करने के पश्चात बाल संस्कार पाठ माला, पुस्तक का वितरण किया गया। डॉक्टर दीप्ति द्वारा मधुराष्टक गायन किया गया । एक लघु नाटिका के माध्यम से बालिकाएं अपने माता-पिता का आशीर्वाद किस प्रकार ग्रहण कर सकती हैं, यह भी दशार्या गया' डॉक्टर गीता माहेश्वरी द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर एक चित्र कथा प्रस्तुत करते हुए उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं का बहुत ही सुंदर एवं व्याख्यात्मक वर्णन प्रस्तुत किया। इसके अलावा राजेंद्र के द्वारा हनुमान ताली,बुद्धि -बल भक्ति- योग के बारे में समझाते हुए भगवत गीता के द्वादश अध्याय का सामूहिक पारायण कराया गया' डॉ गीता ने सभी छात्र एवं छात्राओं से एक दृढ़ संकल्प लेने के लिए कहा कि मैं कमजोर नहीं हूं और मुझे शारीरिक- मानसिक और नैतिक रूप से अच्छा व्यक्ति और श्रेष्ठ बुध्दिबल वाला नागरिक बनना है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने सभी गीता मंडल के सदस्यों का पटका पहनाकर स्वागत किया तथा प्रबंधिका ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया' राजीव अग्रवाल ने आदर्श नंदन का तथा दुर्गेश दीदी और दीप्ति ने अमिता का पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत तथा अभिनंदन किया।

# बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर किया जागरुक

## स्वास्थ्य विभाग और समाजसेवी संस्था आयुष्मान ट्रस्ट की सराहनीय पहल

एनएनआई

**आगरा।** स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयुष्मान ट्रस्ट संस्था के द्वारा आंगनवाड़ी स्तर पर बच्चों, महिलाओं एवं आस पास के लोगो के लिए एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मानसिक स्वास्थ्य की महत्वता को समझाते हुए उपस्थित बच्चों एवं उनके माता-पिता से विभिन्न विषयों पर संवाद किया गया।

मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पियूष जैन ने बताया कि सेमिनार में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली गई तथा उनके टीकाकरण की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों को आवश्यक परामर्श एवं सुझाव दिए गए, जिसमे सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर एवं खुशी खुशी प्रतिभाग किया, इसके अतिरिक्त बच्चों को दंत स्वच्छता (टीथ क्लीनिंग) के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा दांतों को सही तरीके से साफ करने की विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।




आयुष्मान ट्रस्ट के द्वारा विगत कई समय से समाज के सभी वर्गों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए अलग-अलग तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के तहत नगला हवेली स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में संस्था के द्वारा विगत दस दिन में यह दूसरी सामाजिक गतिविधि संपन्न कराई गयी।

गतिविधि के तहत बच्चो से सवाल जवाब किये गए, उनको पेंटिंग कराई गयी, बच्चो के लिए संगीत एवं डांस का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसे सभी के द्वारा अत्यंत पसंद किया गया।

संस्था की तरफ से संजय अग्रवाल, लिल्ली अग्रवाल, पल्लवी चड्ढा,अमित यादव, दीपा अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आमिर जी, डॉ रचना सिंह आदि पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम संपन्न किया।

